आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक 09.04.2024 समय 18.30

- **राज्य में पहले चरण का लोकसभा चुनाव नज़दीक आने के साथ ही विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों के दौरे और तेज़ हुए।**
- **प्रदेश में निर्वाचन विभाग ने सुविधा पोर्टल के जरिये राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को विभिन्न मंजूरी जारी करने की प्रक्रिया को सरल किया।**
- **चैत्र नवरात्र आज घट स्थापना के साथ शुरू–विभिन्न स्थानों पर मेलों के आयोजन–दाऊदी बोहरा समाज ने ईद का पर्व हर्षोल्लास से मनाया।**
- **प्रदेश के पश्चिमी जिलों में तेज़ गर्मी–आगामी दो–तीन दिन कोटा, जयपुर, भरतपुर और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं हल्की बारिश की संभावना।**

000

राज्य में पहले चरण का लोकसभा चुनाव नजदीक आने के साथ ही विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों के दौरे तेज हो गये हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जयपुर सांगानेर में रोड़ शो कर पार्टी प्रत्याशी के लिए समर्थन देने की अपील की। उप मुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा ने बाडमेर और बालोतरा में प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित किया। भाजपा नेता किरोड़ी लाल मीणा ने जयपुर ग्रामीण लोकसभा के जमवारामगढ विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में समर्थन जुटाया। दूसरी ओर, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सीकर के लक्ष्मणगढ में गठबंधन के प्रत्याशी अमराराम के समर्थन में जनसंपर्क किया। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आज रानीवाडा में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। कांग्रेस की ओर से पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने भरतपुर लोकसभा क्षेत्र के खोह में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सालों से देश की सेवा कर रही है, लेकिन कांग्रेस ने कभी भी प्रतिशोध की राजनीति नहीं की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता विपक्ष की आवाज को कुचल रहे हैं।
श्री पायलट ने जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र के आंधी में भी चुनाव सभा को संबोधित किया। इस बीच, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के पूर्व पुलिस महानिदेशक बी.एल. सोनी ने आज जयपुर में भाजपा कार्यालय में ज्वानिंग कमेटी के संयोजक अरूण चतुर्वेदी की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

000

राज्य में लोकसभा चुनाव की घोषणा और आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक सुविधा पोर्टल के जरिये राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को विभिन्न प्रकार की करीब एक हजार सात सौ स्वीकृतियां जारी की गई हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि इस तरह के 2 हजार 340 आवेदन विभाग को मिले थे। उन्होंने बताया कि केवल 20 दिनों की अवधि में सुविधा प्लेटफ़ॉर्म पर राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की ओर से अनुमति संबंधी 73 हजार से ज्यादा अनुरोध प्राप्त हुए, इनमें से साढे 44 हजार से ज्यादा अनुरोध स्वीकार कर लिए गए। इस पोर्टल के जरिये रैलियों के आयोजन, अस्थायी पार्टी कार्यालय खोलने, घर–घर जाकर प्रचार करने, वीडियो वैन, हेलीकॉप्टर, वाहन परमिट देने सहित पर्चे बांटने की अनुमति भी दी जाती है।

000

राज्य में लोकसभा सीटों के चुनावी विश्लेषण में आज प्रस्तुत है करौली–धोलपुर सीट के चुनावी मौसम का हाल –
इस बार के लोकसभा चुनाव में करौली–धौलपुर सीट ऐसी है, जहां सबसे कम चार उम्मीदवार मैदान में हैं। ऐसे में यहां के मतदाताओं का अपना पंसदीदा उम्मीदवार चुनने में ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ेगी।

000

राज्य में लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आज नवरात्रि मेलों में भी मतदाता जागरुकता कार्यक्रम हुए। हनुमानगढ़ में भद्रकाली मेले में लोकसभा चुनावों के मद्देनजर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निर्वाचन विभाग की ओर से विशेष स्टॉल लगाई गई। इसमें सी विजिल, सक्षम एप के बारे में जानकारी दी जा रही है। पाली के मुख्य सर्राफा बाजार में नवरात्रि पर लड़कियां देवियों के वेश में अपने हाथ में मतदाता जागरुकता के संदेश की तख्ती लेकर नागरीकों को जागरुक कर रही हैं। वहीं रेडक्रॉस द्वारा मतदाता जागरुकता के पोस्टर का विमोचन किया गया। साथ ही सोमनाथ मंदिर के पास फूलों से मतदान करो संदेश लिखा गया। बांसवाड़ा जिले की बागीदौरा पंचायत समिति की बारीगामा ग्राम पंचायत में आयोजित घोटिया आम्बा मेले में स्वीप कार्यक्रम के

तहत लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से मतदाता जागरुकता की अलख जगाई और मेलार्थियों को शत–प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई।

सवाईमाधोपुर में राजकीय उच्च प्राथमिक विधालय खेरदा के विद्यार्थियों ने गुर्जर मोहल्ला में रैली निकालकर मतदान जागरुकता का संदेश दिया। इस अवसर पर मतदाताओं का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सरहदी जिले जैसलमेर में मतदान 75 से 80 प्रतिशत तक करने के लिए जिला प्रशासन की अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चिन्हित किए गए 15 शहरी मतदान केंद्रों पर मत प्रतिशत बढ़ाने पर चर्चा की गई। टोंक में मतदाता जागरुकता संवाद और कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसके अलावा जिला कलेक्टर सौम्या झा ने सभी को मतदान करने के लिये शपथ दिलाई।

शाहपुरा जिले में लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान और मतदाता जागरुकता को लेकर सहायक रिटर्निंग अधिकारी निरमा बिश्नोई ने बीएलओ सुपरवाईजर को ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया।

000

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जाएगा। इसी कड़ी में आज सुनिये श्रीगंगानगर के श्रोता का संदेश–

000

विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ आज से चैत्र नवरात्र शुरू हो गये हैं। घरों और मंदिरों में दोपहर बारह बजे के बाद घट स्थापना की गयी। नौ दिन तक चलने वाले नवरात्र के दौरान मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा अर्चना की जायेगी। राजधानी जयपुर में आमेर स्थित शिला माता मंदिर में घट स्थापना के साथ धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो गये हैं। बालोतरा में नवरात्र को लेकर देवी मंदिरों में पूजा अर्चना की जा रही है। आज से ही हिन्दू नववर्ष नवसंवत्सर भी शुरू हुआ। हिन्दु नववर्ष को लेकर विभिन्न स्थानों पर लोगों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। जैसलमेर में महिलाओं ने शहर के विभिन्न स्थानों पर रंगोली बनाकर नववर्ष का स्वागत किया। वहीं शहर के मुख्य बाजार में शोभायात्रा निकाली गई।

बूंदी जिले के इंदरगढ़ की बीजासन माता मंदिर, सथुर की रक्त दंतिका मंदिरों और देवी मंदिरों सहित घर–घर में घट स्थापना की गई। इस अवसर पर बीकानेर में प्रमुख चौराहों को सजाया गया है। बांसवाडा के शक्ति पीठ मां त्रिपुर सुंदरी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है।

वहीं करौली के कैला देवी मंदिर में भी अनुष्ठान और पूजा अर्चना की जा रही है। कैला देवी मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। हनुमानगढ़ में नौ दिन का भद्रकाली मेला भी आज से शुरू हुआ। मेले में सुबह से श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है।

000

झालावाड ज़िले के झालरा पाटन, सुनेल, अकलेरा, चोमेला और खांनपुर में रहने वाले दाऊदी शिया बोहरा समुदाय ने आज ईद का त्यौहार मनाया। पवित्र रमज़ान महीने की समाप्ति के बाद आज सुबह बुरहानी मस्ज़िदों में आमिल साहब ने बोहरा समुदाय के लोगों को ईद की नमाज़ अदा करवाई और ईद की मुबारकबाद दी। बोहरा समुदाय के बुजुर्गों, पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने भी एक–दूसरे को ईद की बधाई दी और मिठाईयां बांटी। ईद पर सभी ने अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर आकर्षक सजावट की।

उदयपुर में अलसुबह ईद की विशेष नमाज अदा करने के बाद दिनभर बधाइयों का सिलसिला और जश्न का माहौल बना रहा। दाऊदी बोहरा जमात के प्रवक्ता मंसूर अली ओड़ावाला ने बताया कि रसूलपुरा, वजीहपुरा, मोइयदपुरा, चमनपुरा, खारोल कॉलोनी, पुलां, खानपुरा और खांजीपीर में ईद उल फितर की नमाज के बाद देश में अमन और खुशहाली की दुआ की गई।

000

प्रदेश के पश्चिमी जिलों में तेज गर्मी पड़ रही है और अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किए जा रहे हैं। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार सबसे अधिक 41 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस तापमान फलौदी में रिकॉर्ड किया गया। बाड़मेर में अधिकतम तापमान 41 दशमलव 2 और जालौर में 40 दशमलव 7 डिग्री रहा। वहीं, जयपुर सहित कई संभागों में आगामी दो–तीन दिन मौसम में बदलाव से लोगों को गर्मी से राहत मिलने के आसार हैं। विभाग ने कहा है कि इस दौरान कोटा, जयपुर, भरतपुर और उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं बादल गरजने और

अचानक तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। जोधपुर, बीकानेर, अजमेर संभाग में भी कल और परसों कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती है। इसके बाद 12–13 अप्रैल से एक नये मजबूत पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से राज्य में आंधी, बारिश का मौसम रहेगा।

000

आकाशवाणी जयपुर आज अपना 69वां स्थापना दिवस मना रहा है। आकाशवाणी के जयपुर केन्द्र ने 9 अप्रैल 1955 से प्रसारण की शुरूआत की थी। इस अवसर पर केन्द्र की ओर से ''यादों का कारवां'' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केन्द्र के सेवानिवृत्त अधिकारियों और प्रसारणकर्मियों ने अपने अनुभव साझा किये। इस दौरान केन्द्र के कार्यक्रम और समाचार प्रमुख निलेश कुमार कालभोर ने श्रोताओं को रेडियो से जोड़े रखने के लिए प्रसारणकर्मियों के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी को मिलकर नई सोच के साथ काम करने की जरूरत है। कार्यक्रम में क्लस्टर प्रमुख सतीश देपाल और केन्द्र के अभियांत्रिकी प्रमुख लोकेश कुमार और बड़ी संख्या में अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

000